# जीडीपी रैंकिंगः नोएडा अमीरी में अव्वल, लखनऊ का दूसरा स्थान

■ अजित खरे

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर जिले में रहने वाले लोग प्रदेश में सबसे ज्यादा संपन्न हैं। संपन्नता या यूं कहें आमजन को उपलब्ध सुख-सुविधाओं के पैमाने पर लखनऊ प्रदेश में दूसरे नंबर पर है और चित्रकूट सबसे पिछड़ा हुआ है।

यह तथ्य जिलों की खेती से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा समेत 18 मानकों के आधार पर जीडीपी के किए गए आकलन में सामने आया है। अब सरकार जीडीपी में पिछड़े जिलों के विकास पर और ज्यादा ध्यान केंद्रित करेगी। पूरे यूपी की जीडीपी में खास बढ़ोतरी हुई है। राज्य में संभाग व जिले की हिस्सेदारी की बात करें तो स्वाभाविक तौर पर पश्चिमी यूपी सबसे आगे है लेकिन पूर्वांचल की स्थिति मध्य यूपी से बेहतर है।

**लखनऊ की जीडीपी 4.05 से घटकर 3.95 प्रतिशत हो गईः** राज्य की कुल जीडीपी में पश्चिम यूपी की हिस्सेदारी 48.30 से बढ़कर 49.26 प्रतिशत हो गई है। यूपी सरकार द्वारा हाल में जारी जिला घरेलू उत्पाद अनुमान 2021-2022 में यह तथ्य सामने आए हैं। राजधानी लखनऊ इस कसौटी पर नंबर दो पर है, पर उसकी जीडीपी 2020-21 के मुकाबले इस बार 4.05 से घटकर 3.95 प्रतिशत अंश हो गई है।



**18**

मानकों के आधार पर जीडीपी के किए गए आकलन में सामने आई है जानकारी

### उत्तर प्रदेश में संभागवार स्थिति प्रतिशत में

| संभाग | जीडीपी | प्रतिशत |
|---|---|---|
| पश्चिमी यूपी | 944347.69 | 49.26 |
| पूर्वी यूपी | 537232.22 | 28.03 |
| मध्य यूपी | 336304.16 | 17.54 |
| बुंदेलखंड | 99029.34 | 5.17 |

### मेरठ की विकास दर में इजाफा

आगरा, प्रयागराज, बुलंदशहर की जीडीपी में भी मामूली गिरावट दर्ज हुई है,लेकिन मेरठ ने अपनी जीडीपी में इजाफा किया है। जीडीपी के आकलन से पता चलता है कि किस जिले में कितनी संभावनाएं हैं और वहां कितने निवेश से कितना विकास तय समय में कराया जा सकता है।

### क्या है जिला घरेलू उत्पाद और मानक

यह किसी जिले में एक साल में उत्पादित सभी वस्तुओ व सेवाओं के मूल्यों का योग होता है। जिले में फसलें, पशु,वन उपज, मत्स्य व खनन, निर्माण, बिजली, गैस, जलापूर्ति व अन्य उपयोगी सेवाएं, कारोबार, संपदा, आवास गृह को स्वामित्व, वाहन, बैंकिंग सेवाएं, व्यवसायिक सेवाओं, लोक प्रशासन, रक्षा, शिक्षा,स्वास्थ्य, खेल गतिविधियां व अन्य आदि सेवाओं के मानक के आधार पर जिला घरेलू उत्पाद का आकलन किया जाता है।

**2021** से 2022 में पूरे यूपी की जीडीपी 1181361 करोड़ रुपये से बढ़कर 1916913.42 करोड़ रुपये हो गई

### यूपी की जीडीपी में शीर्ष जिलों की हिस्सेदारी % में

| जिला | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|
| गौतमबुद्धनगर | 7.95 | 8.66 |
| लखनऊ | 4.05 | 3.95 |
| आगरा | 3.63 | 3.61 |
| प्रयागराज | 3.42 | 3.32 |
| मेरठ | 2.92 | 3.09 |
| गाजियाबाद | 2.73 | 2.90 |
| कानपुर नगर | 2.89 | 2.85 |
| बरेली | 2.70 | 2.73 |
| बिजनौर | 1.78 | 2.03 |
| बुलंदशहर | 2.01 | 1.98 |

### विभिन्न जिलों की जीडीपी करोड़ रुपये में

| जिला | जीडीपी करोड़ रुपये |
|---|---|
| गौतमबुद्धनगर | 166073.92 |
| लखनऊ | 75762.73 |
| आगरा | 69266.03 |
| प्रयागराज | 63719.05 |
| मेरठ | 59167.55 |
| गाजियाबाद | 55677.70 |
| कानपुर नगर | 54640.53 |
| बरेली | 52423.42 |
| बिजनौर | 38926.58 |
| बुलंदशहर | 38044.70 |